दिनांकः 19.08.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

भाई–बहन के स्नेह का प्रतीक रक्षा बंधन का त्यौहार आज पारम्परिक उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर बहनें अपने भाईयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उनके स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना कर रही हैं। भाईयों की ओर से बहनों को रक्षा के वचन के साथ उपहार और शगुन देकर रस्म निभाई जा रही है।
राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े और मुख्यमंत्री भजनलाल शार्म ने रक्षाबंधन के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं।
प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया संदेश में कामना की कि यह पवित्र त्योहार रिश्तों में मिठास और लोगों के जीवन में सुख, समृद्धि और सौभाग्य लाएगा।
प्रदेशभर में रक्षा बंधन को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। बाजारों में राखी और मिठाई मेवे खरीदने को लेकर तड़के से ही चहल पहल बनी हुई है। इस बार दोपहर तक भद्रा रहने से इसके बाद रक्षा सूत्र बांधने का शुभ मुहुर्त बताया जा रहा है। इस कारण भी लोग सुबह के समय खरीददारी में व्यस्त दिखाई दिए।
रक्षा बंधन पर सरहद पर तैनात जवानों की कलाईयों पर राखी बांधने को लेकर भी कई संस्थाओं और संगठनों की ओर से कार्यक्रम रखे गए हैं। बीकानेर में महिलाओं और स्कूली छात्राओं ने बीएसएफ जवानों के राखी बांधकर उनकी लम्बी उम्र की कामना की।
जैसलमेर में भी विभिन्न संगठनों की ओर से भारत पाक सीमा पर तैनात जवानों को रक्षा सूत्र बांधे गए। प्रदेश की विभिन्न जेलों में बंद कैदियों को भी रक्षा सूत्र बांधने को लेकर बड़ी संख्या में बहनें पहुंचीं। शेखावाटी क्षेत्र के कई गांवों में शहीदों की बहनों ने मूर्तियों पर तिलक लगाकर कलाईयों पर राखी बांधी।
राजस्थान रोडवेज की ओर से रक्षा बंधन के अवसर पर आज महिलाओं को बसों में मुफ्त यात्रा की सौगात दी गई है। रोडवेज की विज्ञप्ति के अनुसार आज रात बारह बजे तक वॉल्वो और ए.सी. बसों को छोड़कर प्रदेश की सीमा में संचालित सभी रोडवेज बसों में ये सुविधा रहेगी। मुफ्त सफर का लाभ उठाने लिए तड़के से ही बस स्टेण्डों पर महिलाओं की भीड़ देखी जा रही है। जयपुर के सिंधी कैंप बस स्टैंड पर रोडवेज प्रशासन की ओर से महिलाओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। महिला यात्रियों को बसों में बिठाने के लिए अलग से कर्मचारी लगाए गए हैं। महिला सुरक्षा को लेकर भी पुलिस प्रशासन सतर्कता बनाए हुए है।
रक्षा बंधन पर कई स्थानों पर नवाचार और पारम्परिक रस्में भी निभाई जा रही हैं। पाली में सरोवर घाट पर तर्पण किया गया और शहीद स्मारक का पूजन कर श्रद्धांजलि दी गई। जयपुर के गलता सरोवर में धार्मिक स्नान को लेकर सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। पुष्कर सरोवर में भी रक्षा बंधन पर पारम्परिक रूप से हिमाद्री स्नान कर जनेऊ धारण किए गए।
हनुमानगढ में रक्षा बंधन के त्यौहार को बेटी पढाओ बेटी बचाव की मुहिम से जोडा गया। वहां आयोजित कार्यक्रम में करीब दो हजार बेटियों को भोजन कराकर उपहार दिए गए। सांचौर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। बहनों के नाम से पौधे लगाकर रक्षा सूत्र बांध गए। जोधपुर के पीपाड़ सहित कई जगहों पर अन्नपूर्णा रसोईयों में विशेष पकवान शामिल किए गए।

000

राज्य सरकार की ओर से प्रदेश में वीरांगनाओं और शहीद परिवारों के घरों पर राखी का उपहार भेजा जा रहा है। इसमें सम्मान स्वरूप मिठाई के साथ, 21 सौ रुपये शगुन राशि, श्रीफल और शॉल भेंट किए जा रहे हैं। प्रदेशभर की लगभग डेढ़ हजार वीरांगनाओं को रक्षा बंधन पर राज्य सरकार की ओर से ये सम्मान दिया गया। मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिलों में मंत्रियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने वीरांगनाओं तक राज्य सरकार का ये उपहार पहुंचाया।

राज्य के विभिन्न अंचलों से आईं वीरांगनाओं और महिलाओं ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को उनके निवास पर रक्षा सूत्र बांधा और उनके स्वस्थ तथा दीर्घायु की कामना की।

000

सावन महीने के आखिरी सोमवार पर आज भगवान शंकर के अभिषेक को लेकर श्रद्धालुओं में उल्लास बना हुआ है। रक्षा बंधन और सावन सोमवार एक ही दिन पड़ने से मंदिरों में खासी भीड़ देखी जा रही है। पवित्र सरोवरों से जल लाकर कावड़िए तड़के से ही भोलेनाथ का अनुष्ठान कर रहे हैं। आज सावन बीतने के साथ ही महीनेभर से चल रहीं कावड यात्राओं का दौर भी थम जाएगा।

000

राज्य में पिछले 24 घंटों में कहीं–कहीं हल्की से मध्यम वर्षा हुई। तेज बारिश का दौर थमने के बाद आज अधिकांश स्थानों पर मौसम सुहाना बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार सबसे ज्यादा 6 सेंटीमीटर बारिश राजसमन्द के नाथद्वारा में दर्ज की गई। धौलपुर के राजाखेड़ा में 5, भीलवाड़ा के सहाड़ा, करौली के सपोटरा और बूंदी के नैनवा तथा दौसा के महुवा में 3–3 सेंटीमीटर पानी बरसा। इसके अलावा पश्चिमी जिलों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हुई।

000